# हरा अण्डा



चित्रांकन: अनवर हुसैन



पेड़ पर एक चिड़िया का घोंसला था।
उसमें एक सुंदर चिड़िया रहती थी।



एक सुबह चिड़िया दाना चुगने को गयी। शाम को वापस आई तो देखा, घोंसले में एक हरा अंडा रखा हुआ है। चिड़िया हरा अंडा देखकर डर गयी।



उसने कोयल से पूछा, ‘क्या यह अंडा तुम्हारा है?’ कोयल ने मना कर दिया।



उसने गिलहरी से पूछा, ‘क्या यह अंडा तुम्हारा है?’ गिलहरी ने भी मना कर दिया।



चिड़िया को लगा कि पक्का यह अंडा तोते का ही होगा।



वह तोते के पास जा ही रही थी, तभी उसने कुछ बच्चों को पेड़ के पास आते देखा।



उनमें से एक लड़की धीरे-धीरे पेड़ पर चढ़ने लगी।



ऊपर जाकर लड़की ने घोंसले से हरा अंडा निकाल लिया।



सभी बच्चे गेंद लेकर चले गए।
चिड़िया ने लम्बी सांस ली और कहा,
'जान बची तो लाखो पाए।'

# हरा अंडा

**पेड़ पर एक चिड़िया का घोंसला था। उसमें एक सुंदर चिड़िया रहती थी। एक सुबह चिड़िया दाना चुगने को गयी। शाम को वापस आई तो देखा, घोंसले में एक हरा अंडा रखा हुआ है। चिड़िया हरा अंडा देखकर डर गयी। उसने कोयल से पूछा, क्या यह अंडा तुम्हारा है? कोयल ने मना कर दिया। उसने गिलहरी से पूछा, 'क्या यह अंडा तुम्हारा है?' गिलहरी ने भी मना कर दिया। चिड़िया को लगा कि पक्का यह अंडा तोते का ही होगा। वह तोते के पास जा ही रही थी, तभी उसने कुछ बच्चों को पेड़ के पास आते देखा। उनमें से एक लड़की धीरे-धीरे पेड़ पर चढ़ने लगी। ऊपर जाकर लड़की ने घोंसले से हरा अंडा निकाल लिया। सभी बच्चे गेंद लेकर चले गए। चिड़िया ने लम्बी सांस ली और कहा, 'जान बची तो लाखो पाए।'**

**मुख्य शब्द : चिड़िया, घोंसला, अंडा, गेंद**

**शिक्षकों के लिए निर्देश:** बिगबुक कहानी की एक बड़ी पुस्तक होती है। इसे मुख्य रूप से शुरुआती कक्षाओं के बच्चों में पढ़ने के प्रति रुचि, प्रिंट चेतना और लिखित पाठ को सुनकर समझने की दक्षताओं विकसित करने के लिए उपयोग किया जाता है। आप बिग बुक के साथ अनेक प्रकार की रोचक गतिविधियाँ कर सकते हैं, जैसे- कहानी पढ़कर सुनाना, शीर्षक, चित्रों और कहानी से संबंधित अनुमान लगाने और समझ विकसित करना, साझा (साथ-साथ) पठन के अनुभव देना, लोगोग्राफिक पठन आदि।

बिग बुक पर व्यवस्थित रूप से किस प्रकार से कार्य किया जाना है, इसके बारे में आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका (सत्र 2025-2026) की शिक्षण योजनाओं में विस्तार से चर्चा की गई है। आप इन शिक्षण योजनाओं को अवश्य पढ़ें, जिससे सभी बच्चों में बुनियादी भाषा की दक्षताओं पर कार्य किया जा सके।



Copyright © Language and Learning Foundation
All rights reserved.

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

NIPUN
BHARAT